



# रास्ता बदलकर निकल जाते ऑटो चालक

**खास बातें**

- सड़क सुरक्षा विशेष अभियान, स्कूली वाहनों पर नियमों को तोड़ने पर कार्रवाई
- 10 वाहनों पर चालान 7 हजार जुर्माना




नवभारत न्यूज

**विदिशा 2 जुलाई, स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों की जांच की जा रही है. यह अभियान कुछ दिन पहले शुरू किया गया है. इस दौरान कई वाहनों की जांच करने पर कई कमियां सामने आई सामने आई थीं जिस पर यातायात पुलिस ने चालानी कार्रवाही भी की गई थे लेकिन हालात नहीं बदले अभी भी कई वाहन ओवहर लोड बच्चों को लेकर चल रहे हैं.**

कुछ दिन पहले जहां करैया खेड़ी रोड पर स्कूली वाहनों की जांच की गई थी उस समय भी कई आटो चालकों ने कार्रवाई से बचने का रास्ता निकाल लिया था और दूसरे रास्ते से वाहन लेकर निकल गए. बुधवार को भी यही हालात देखने को मिले. जैसे ऑटो चालकों को मालूम चला कि यातायात पुलिस वाहनों की जांच कर रही है उन्होंने जांच से बचने के लिए अपना रास्ता बदल लिया.इस दौरान स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों की गहन जांच की गई, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस, परमिट, सुरक्षा गेट, जालियां, एवं निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन करने जैसे बिंदुओं पर सख्त कार्रवाई की गई. अभियान में 10 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर ?6900 का शमन शुल्क वसूला गया.इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, तथा यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है. यातायात थाना प्रभारी आशीष राय ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी.

# विवाद के चलते लगा वाहनों का जाम

**आए दिन बनते ऐसे हालात, नहीं हो पा रहा सुधार**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 2 जुलाई, रेल्वे स्टेशन के पास स्थित आवकारी कंट्रोल रूम के सामने से लेकर बिजली कंपनी के कार्यालय से आगे नगर पालिका के सामने आए दिन जाम के हालात बन जाते हैं जिससे यहां से निकलने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं.**

इस रास्ते पर कई मेडिकल स्टोर, नर्सिंग होम और सोनोग्राफी सेंटर है जिसके चलते यहां पर रोजाना हजारो लोगों का आना जाना होता है. इन सभी के भवनों के आगे पर्किंग की व्यवस्था नहीं है जिसके चलते वाहनों को बीच सड़क पर ही खड़ा कर दिया जाता है. जिसके चलते आधी से ज्यादा सड़क पर कब्जा हो जाता है. इस रास्ते पर स्थित एक नर्सिंग होम और उसके पास ही एक डाक्टर का क्लीनिक हैं जहां पर बुधवार को एक हॉस्पिटल के सामने दवा कंपनी के एजेंटो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. विवाद इतना बड़ा की नौबत झूमा झटकी तक जा पहुंची इस विवाद के चलते सड़क पर जाम की स्थित निर्मित हो गई दोनों तरफ से आने वाले वाहनों की लंबी कतार यहां लग गई करीब आधे से पौन घंटे तक जाम लग रहा. इसी रास्ते पर तीन पेट्रोल पंप हैं जहां पर भी वाहनों की कतार लगी रही है जिससे भी जाम के हालात बने रहते हैं. यहां पर यातायात का कोई भी जवान बिगड़े ट्रेफिक को सुधारने के लिए तैनात नहीं किया गया है जबकि यातायात पलिस को अच्छी तरह से मालूम है कि यहां पर यातायात की बहुत बुरी हालत हैं. बुधवार की दोपहर को जब यहां पर वाहनों का जाम लगा तब करीब आधा घंटे तक कोई भी पुलिस का जवान ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए नहीं पहुंचा खुद वाहन चालक ट्रेफिक जाम से उलझते रहें.

**एक नजर में**

## 17 वर्षीय गुमशुदा को किया दस्तयाब

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पिछले माह की 22 जून को थाना कुरवाई में एक फरियादी द्वारा बालिका की गुमशुदगी की सूचना दी गई थी, जिस पर बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, एसडीओपी कुरवाई रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी निरीक्षक आर के मिश्र के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी और पारंपरिक संसाधनों के समन्वय से सतत प्रयास किए जिसके बाद 2 जुलाई 25 को बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया. विदिशा पुलिस वर्ष 2025 में अब तक 226 गुमशुदा,अपहृत नाबालिगों को सकुशल दस्तयाब कर चुकी है.

## दीक्षारम्भ में नवप्रवेशितों का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** शासकीय महाविद्यालय में शासन के आदेशानुसार 2 जुलाई को दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने परिचयात्मक संवाद स्थापित कर महाविद्यालय में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई. विद्यार्थी जीवन में उच्च शिक्षा के नये अध्याय का आरंभ नवप्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया व महाविद्यालय स्टाफ की डॉ नीलम जैन, डॉ कुसुमलता, सुश्री वर्षा निगम जी द्वारा छात्र-छात्राओं का तिलक करके स्वागत किया गया. इसके साथ ही महाविद्यालय के विभिन्न प्रकोष्ठ, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, पुस्तकालय आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की.

# शराबी बेटा करता था परेशान, पुलिस ने परेशानी सुन कराया मामला दर्ज

नवभारत न्यूज



**विदिशा,** बुजुर्गों की परेशानियों को सुनकर उनकों सुलझाने के लिए की गई सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में इस बार भी कई मामले सामने आए जिनका निराकरण पुलिस ने किया. भोपाल की वरिष्ठ महिला कलाकार ने फोन पर अपनी पीड़ा साझा की कि पति के निधन व बच्चों के दूर रहने के कारण वह अकेली हैं और जेठ द्वारा प्रताड़ित किए जाने से अपने ही घर से बेदखली की स्थिति में हैं. पंचायत ने उन्हें घर न छोड़ने की सलाह दी और भोपाल पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया. भोपाल के एक व्यवसायी द्वारा नौ साल पहले रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी का मामला सामने आया. शिकायतकर्ता वरिष्ठ चिकित्सक हैं. अनावेदकों से संपर्क कर अगली सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं. गुलाबगंज के 80 वर्षीय बुजुर्ग ने बेटे की प्रताड़ना की बात बताई. पुरनपुरा निवासी वृद्ध महिला ने अपने शराबी बेटे की प्रताड़ना बताई. जिस पर मामला दर्ज किया गया. बैठक में एएसपी प्रशांत चौबे के साथ सचिन, दिनेश वाजपेयी, अतुल शाह, प्रमोद व्यास, सीआरके कुलश्रेष्ठ एवं अजय टंडन उपस्थित रहे.

## 72 साल का रेप आरोपी चल रहा था फरार, हुआ गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** थाना मुरवास पुलिस ने रेप के 72 वर्षीय आरोपी कमर लाल पिता परसा नायक निवासी कंजी टपरा थाना सिरोंज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. 29 मई 25 को एक पीड़िता ने थाना मुरवास में बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई गई. जिस पर पुलिस आरोपी विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी. उक्त गंभीर प्रकरण को ध्यान में रखते हुए एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एक टीम गठित की गई इस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायालय में पेश किया गया.

# आधा नाला निर्माण कर ठेकेदार हुआ गायब

**रहवासी और व्यापारी हो रहे परेशान, नहीं हो रही सुनवाई**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर के किरी मोहल्ला में नाले के अधूरे निर्माण ने व्यापारियों और रहवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर गायब हो गया है और हालात ऐसे हैं कि दुकानों को बंद करने की नौबत आ गई है. इस इलाके में करीब दो महीने पहले नाले के निर्माण का काम शुरू किया गया था, लेकिन आज तक नाला बनकर तैयार नहीं हुआ.**

खुदाई के बाद ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर गायब हो गया है.व्यापारी नीरज बलेचा का कहना है करीब पांच फिट का नाला खोदा गया है, जिसमें दो फिट तक पानी भर जाता है. आने-जाने में परेशानी होती है और ग्राहक भी दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं फर्सियों का रास्ता बना कर दुकान के अंदर जाना पड़ता है जिससे व्यापार में काफी नुकसान हो रहा है. हालात इतने बिगड़ चुके हैं. कि व्यापारियों को दुकानों को दो महीने के लिए बंद करने की चेतावनी तक देनी पड़ी है. करीब 500 से ज्यादा लोग इस नाले की वजह से परेशान हैं. स्थानीय रहवासियों ने बताया कि दो महीने से हम परेशान हैं. कई बार पार्षद को शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. पानी भर जाता है तो निकलना मुश्किल हो जाता है महिलाएं कई बार गिर चुकी हैं. इस पूरे मामले पर नगर पालिका के मुख्य अधिकारी दुर्गेश ठाकुर का कहना है कि अतिक्रमण की वजह से ड्रेनेज सिस्टम प्रभावित हुआ था.अतिक्रमण हटाने के बाद टेंडर जारी कर दिया गया हैं. काम शुरू होगा और 15 दिन में नाला तैयार कर दिया जाएगा.



## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर हुई एफआईआर निरस्त करने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर अशोकनगर के मुंगावली थाने में हुई एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन दिया गया. उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि प्रशासन के दबाव के चलते झूठी एफआईआर की गई है, जिसे जल्द से जल्द निरस्त किया जाए. बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टोरेट पहुंचे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुई झूठी एफआईआर निरस्त करने की मांग को लेकर पुलिस महानिदेशक भोपाल के नाम ज्ञापन दिया गया जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर अशोकनगर के मुंगावली थाने में झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है. उन्होंने कहा कि राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है. उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मामले की निष्पक्षता से जांच की जाए और जो लोग भी इस मामले में दोषी हैं, उन पर कार्रवाई की जाए. इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

## यह परिवर्तन न्याय व्यवस्था के डिजिटल युग में प्रवेश

नवभारत न्यूज

विदिशा, 1 जुलाई 2024 से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के एक साल पूरे होने पर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति में नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मध्य नए आपराधिक कानूनों की व्यवहारिक चुनौतियों व जनहितकारी प्रभावों पर गहन चर्चा हुई. इस दौरान संतोष कुमार शर्मा अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ, विदिशा , राजेंद्र सिंह दांगी सचिव, दीपक वाजपेई उपाध्यक्ष , जय नारायण सक्सेना कोषाध्यक्ष , कौशल किशोर मांझी सह सचिव और मनीष शर्मा वाचनालय सचिव मौजूद रहे. परिचर्चा के दौरान पुलिस व अधिवक्ताओं ने माना कि नवीन विधिक संरचना जन-केंद्रित, तकनीकी उन्नत व त्वरित न्याय सुनिश्चित करने वाली है, जिसमें निम्न प्रमुख बिंदु सामने आए.

## जिला अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी ने कलेक्टर-एसपी से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बुधवार को जिला अभिभाषक संघ के नवागत अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं एसपी रोहित काशवानी से मुलाकात की और अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया. इस दौरान उन्होंने बताया कि राजस्व संबंधी प्रकरण ऑनलाइन किए जाए और थानों से केस डायरी समय पर पेश की जाए. इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, सचिव राजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात की और आने वाली समस्याओं के बारे में अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि पुरानी कलेक्टोरेट में जिला अभिभाषक संघ का कार्यालय है जो काफी पुराना हो चुका है. बारिश में पानी टपक रहा है और वकीलों को बैठाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि इस भवन को उन्हें सौंप दिया जाए.जिससे कि वह पुरानी बिल्डिंग की जगह नई भवन निर्माण कर सके. इसके साथ ही जिले में जहां-जहां पर कोर्ट भवन की समस्या है उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए। इस दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी नवीन कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरवाई में एक्सीलेंस स्कूल की बिल्डिंग खाली हो रही है, उसमें कोर्ट को शिफ्ट किया जा सकता है क्योंकि उसमें पर्याप्त जगह होने के कारण बैठने में भी कोई परेशानी नहीं होगी.इस अवसर पर दीपक वाजपेयी, जयनारायण सक्सेना, कोशल किशोर मांझी, मनीष शर्मा, मोहनसिंह जाट, दीपक कुमार श्रीवास्तव, संतोष सिंह तोमर, प्रबंद सूर्यवंशी, राजनारायण यादव, मनु श्रीवास्तव आदि मौजूद थे.



## कचरा संग्रह केंद्र की टीन ले उड़े चोर, टीन जप्ती के बाद भी पुलिस चोरों का नहीं कर पाई पता

नवभारत न्यूज



**विदिशा,** नटेरन थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सेऊ के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लगभग चार लाख के कचरा संग्रह केंद्र के टीन सेड से चोर 22 टीन चोर ले गए. जिसकी शिकायत सेऊ पंचायत ने नटेरन थाने में की.ग्राम सेउ पंचायत का कचरा संग्रह केंद्र से विगत दिनों टीन सेड से 22 टीन चोरी हो गई थी,कुछ टीने जब्त की गई थाना परिसर में रखी हुई है. सूत्र बताते हैं पहले तो पुलिस मामले को रफा दफा करने में लगी हुई थी जब मामला सोशल मीडिया में आया जिसके बाद एसपी के संज्ञान में भी मामला आ गया जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई. इस संबंध में थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि टीन चोरी की रिपोर्ट की गई है पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही हे जल्द ही चोरों को पुलिस पकड़ लेगी.

**राहत** | नये आधार केंद्र के बाद दस हो जायेंगे आधार सेंटर, आधार केंद्रों पर सुबह से लगती हैं लंबी-लंबी कतारें

# सात नये आधार केंद्र खुलने से मिलेगी राहत

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज में सात नये आधार केंद्र शुरू हो जाने के बाद लोगों को राहत मिल सकेगी. पूर्व में सिरोंज में तीन आधार केंद्र संचालित हो रहे है. इन आधार केंद्रों पर अलसबेरे से ही आधार कार्ड में सुधार कराने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं. जिसके कारण हितग्राहियों को काफी परेशान होना पड़ रहा है. वहीं लोगों की भीड़ के कारण कई हितग्राहियों के आधार में सुधार भी नहीं हो पा रहा है. जिससे उनको शासन की योजनाओं का लाभ लेने में भी परेशानी हो रही है. लोगों की इस परेशानी को देखते हुए प्रशासन द्वारा शहर में सात नये आधार केंद्र शुरू कराये जा रहे हैं. जिससे सिरोंज में आधार केंद्रों की संख्या बढ़कर दस हो जाने के बाद लोगों ने राहत मिल सकेगी.**



सिरोंज में आधार केंद्रों की कमी के चलते हितग्राहियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. जानकारी के अनुसार सिरोंज में तीन आधार केंद्र ही संचालित हो रहे थे. जिनमें नगरपालिका कार्यालय के पास, तहसील परिसर एवं पोस्ट ऑफिस शामिल है. इन आधार केंद्रों पर अलसबेरे से ही हितग्राही आधार कार्ड में सुधार के लिये पहुंचने लगते हैं. जिससे इन आधार केंद्रों के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगने लगती हैं. वही आधार केंद्र पर लोगों की भारी भीड़ होने से निर्धारित संख्या में ही लोगों को टोकन वितरित कर उनके आधार में सुधार किया जाता है. आधार केंद्रों पर भारी भीड़ के कारण कई हितग्राही अपने आधार कार्ड में सुधार नहीं करा पाते हैं. जिसके कारण इन हितग्राहियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है. वहीं कई बार हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने में भी परेशानी होती है. ऐसे में विगत कई दिनों से क्षेत्र में आधार केंद्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी किये जाने की मांग की जा रही थी. जिसके बाद अब सिरोंज में सात नवीन आधार केंद्र शुरू कराये जा रहे हैं. अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने बताया कि सिरोंज में पूर्व में तीन आधार केंद्र संचालित हो रहे हैं. इसके अतिरिक्त अब सिरोंज शहर में सात नवीन आधार केंद्र शुरू कराये जा रहे हैं. इन सात नये आधार केंद्र शुरू हो जाने के बाद शहर में आधार केंद्रों की संख्या बढ़कर दस हो जावेगी. जिससे हितग्राहियों को अपने आधार में सुधार कराने में सुविधा हो सकेगी. उन्होंने बताया कि इन सात नवीन आधार केंद्रों में से कुछ केंद्र शुरू हो गये हैं. तथा शेष आधार केंद्र भी जल्द ही शुरू हो जावेंगे. इसके अतिरिक्त भी शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अन्य आधार केंद्र भी जल्द शुरू कराने के प्रयास किये जा रहे हैं. जिससे लोगों को सुविधायें मिल सके. उन्होंने बताया कि नागरिकों को समग्र की ईकेबायसी कराना अनिवार्य है. कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है. जिससे शासन की योजनाओं का सतत लाभ मिल सके.

### यह सात नये आधार केंद्र होंगे शुरू

अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने बताया कि सिरोंज शहर में तहसील प्रांगण स्थित बीआरसी भवन, तहसील प्रांगण स्थित आईटी सेंटर, जेल बिल्डिंग प्रांगण स्थित पुराना अस्पताल, कोर्ट गेट स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस, कोर्ट गेट स्थित महिला एवं बाल विकास ऑफिस, हाजीपुर स्थित बीआरसी ऑफिस एवं जनपद कार्यालय सिरोंज में नये आधार केंद्र शुरू कराये जा रहे हैं.

# डॉक्टर्स दिवस पर हुआ डॉक्टरों का सम्मान

नवभारत न्यूज,

**विदिशा,** डॉक्टर्स दिवस पर विदिशा की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा , इंटीग्रेटेड अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स विदिशा शाखा एवं प्रखर सोनोग्राफी , सीटी एवं एमआरआई डायग्नोस्टिक के संयुक्त तत्वाधान में नगर के समस्त चिकित्सकों के सम्मानार्थ आयोजित समारोह विदिशा की एनराइज होटल स्याजी में मुख्य अतिथि नगर की वरिष्ठतम महिला चिकित्सक एवं रिटायर्ड जॉइंट डायरेक्टर स्वस्थ डॉ श्रीमती एच कौर सिन्हा ने कहा कि हमेशा मरीजों की भलाई के लिए ही कार्य करते है और सभी चिकित्सक बहुत अच्छा कार्य कर रहे है और आपस में एक होकर उत्कृष्ट कार्य कर सकते है.विशिष्ट अतिथि आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष एवं आईएपी के विदिशा अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि चिकित्सक चौबीसों घंटे मरीजों की तकलीफों को दूर करने जीवन और मृत्यु के मोर्चे पर तैनात रहते है इसलिए सफेद कोट में वास्तविक हीरो कहलाते है.वह सिर्फ बीमारियों का ही इलाज नहीं करते बल्कि लोगो को स्वास्थ्य जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करते हैं.




### लायंस क्लब ने किया पौधारोपण

वहीं लायंस क्लब विदिशा सनराइज ने अपने लायनिस्टिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ सेवा, सम्मान और पर्यावरण चेतना के संकल्प के साथ किया. क्लब द्वारा डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर मानव सेवा न्यास परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया.क्लब अध्यक्ष लायन शालिनी भार्गव ने जानकारी दी कि इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ चिकित्सक लायन डॉ. प्रीति कौर, लायन डॉ. अपूर्वा यादव, लायन डॉ. आरती शर्मा एवं प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स नीरज महेश्वरी और सीए पूनम जाजू को सम्मानित किया गया.